# जीवन सहायता (Life Support) के उपभोक्ता

## तथ्य पत्र



**आपको बिजली प्रदान करने/ ऊर्जा की ज़रूरतों के लिए सहायता देने में हमारी मदद करें।**

ऐसे समय भी हो सकते हैं जब हमें बिजली प्रदान करने में रुकावट करनी पड़ जाए जिससे कर्मचारियों का दल बिजली के नेटवर्क में महत्वपूर्ण नवीनीकरण या नियोजित देखरेख का काम सुरक्षापूर्वक कर सकें।

यदि आप जीवन सहायता के लिए मेडिकल उपकरण का उपयोग करते हैं तो हम आपसे निवेदन करते हैं कि आप जीवन सहायता के उपभोक्ता के रूप में रजिस्टर करें। मिल कर हम एक साथ आपको ऊर्जा प्रदान करने की रुकावट के प्रभाव को न्यूनतम कर सकते हैं।

### जीवन सहायता के लिए मेडिकल उपकरण क्या होता है?

जीवन सहायता के उपभोक्ताओं के लिए जिस अत्यंत आवश्यक मेडिकल उपकरण की ज़रूरत होती है उनके उदाहरण नीचे दिए गए हैं:

- ऑक्सीजन को केन्द्रित करने वाला
- रुक-रुक कर आने वाला पेरीटोनियल डाईलिसिस (peritoneal dialysis) मशीन
- गुर्दे का डाईलिसिस मशीन
- दीर्घकालिक सकारात्मक वायुमार्ग दबाव श्वासयंत्र (chronic positive airways pressure respirator)
- क्रिगलर-नज्जर परिलक्षण फ़ोटोथैरपी उपकरण (Crigler-Najjar syndrome phototherapy equipment)
- जीवन सहायता के लिए वायुप्रवाहक (ventilator)
- कोई अन्य उपकरण जिसके लिए डॉक्टर ने कहा है कि आपको जीवन सहायता के लिए चाहिए।

यदि आपको ऐसे उपकरण के बारे में कुछ प्रश्न पूछने हैं जो आपके घर में आपके या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग किया जाता है, चाहे वह जीवन सहायता के लिए है या नहीं तो अपने डॉक्टर से पूछें।

### जब मैं ऑज़ग्रिड (Ausgrid) से जीवन सहायता उपभोक्ता की तरह रजिस्टर करता हूँ तो क्या होता है?

जीवन सहायता उपभोक्ता की तरह रजिस्टर करवाने का अर्थ होता है हम अतिरिक्त सावधानी से काम करते हैं कि आपकी बिजली चलती रहें और यह भी सुनिश्चित करते हैं कि बिजली जाने पर आपकी सहायता की जा रही है।

यदि हमारे पास फ़ाइल में मोबाईल नम्बर हो तो बिजली जाने के समय आपको एक एस एम एस (SMS) सूचना भेजी जाएगी। कृपया अपने ऊर्जा विक्रेता से कहें कि वे सुनिश्चित रूप से आपका नवीनतम विवरण अपने पास रखें।

### रजिस्टर कैसे करना है

- अपने ऊर्जा विक्रेता से संपर्क करें यह जानने के लिए कि क्या आप NSW जीवन सहायता ऊर्जा छूट (Life Support Energy Rebate) के लिए उपयुक्त हैं या नहीं। जीवन सहायता व NSW जीवन सहायता ऊर्जा छूट के लिए आपको एक फ़ॉर्म भरना होगा जिस पर डॉक्टर के हस्ताक्षर चाहिए होंगे।
- इस छूट के आवेदन करने में आपका ऊर्जा विक्रेता आपकी मदद करेगा और जीवन सहायता उपभोक्ता के रूप में रजिस्टर भी कर लेगा और यह जानकारी हमें भेज देगा।
- आप ऑज़ग्रिड (Ausgrid) से सीधे भी रजिस्टर कर सकते हैं, जिसके लिए आपको **13 13 65** पर फ़ोन करना होगा (सुबह 9 बजे से शाम 4.30 तक)।
- आप इस नम्बर पर किसी अन्य व्यक्ति को रजिस्टर करने के लिए भी फ़ोन कर सकते हैं।

### हमसे संपर्क करें

यदि अपने जीवन सहायता उपकरण को बिजली मिलते रहने के विषय में कोई प्रश्न पूछने हैं तो कृपया **13 13 65** पर (सुबह 9 बजे से शाम 4.30 तक) या आपातकालीन स्थिति में **13 13 88** पर हमसे संपर्क करें।

बिजली जाने की अवधि ऑनलाईन **www.ausgrid.com.au/poweroutages** पर भी देखी जा सकती है।

यदि बिजली जाने की अवधि से कोई जान लेवा स्थिति हो जाती है तो **000** पर फ़ोन करके तुरन्त ऐम्ब्यूलेन्स का निवेदन करें।

Ausgrid Connecting communities, empowering lives

# आपको क्या करना चाहिए उसके लिए जाँच-सूची

**इसकी योजना बनाएँ कि बिजली जाने पर क्या करना है। तैयारी करने में मदद के लिए निम्नलिखित जाँच-सूची का उपयोग करें।**

## आरम्भ करना

- ☐ क्या आपने जीवन सहायता उपभोक्ता के लिए रजिस्टर करवाया है और क्या आपकी जानकारी नवीनतम है?
- ☐ क्या वर्तमान कोविड-19 की शर्तों का आपकी योजना पर कोई प्रभाव होगा?

## अपने उपकरण को जानें

**बिजली जाने की अवधि में क्या आपके उपकरण को निम्नलिखित की आवश्यकता होगी:**

- ☐ नियमित रूप से चार्ज की गई बैकअप बैटरी?
- ☐ जब बिजली वापस आती है तो उपकरण को तेज़ी से आने वाली बिजली की लहर से बचाने वाला उपकरण (surge protector)?
- ☐ लगातार आने वाली ऊर्जा प्रदान करने की मशीन (UPS) जिससे अस्थाई बैटरी को बैकअप ऊर्जा मिल सके?
- ☐ ऑक्सीजन के अतिरिक्त सिलिंडर, क्या ये पूरे भरे हुए हैं और काम कर रहे हैं?

## बिजली जाने की अवधि के दौरान

- ☐ क्या आपके पास ऐसा फ़ोन है जो बिजली जाने की अवधि में काम कर सके?
- ☐ क्या आप अपने पड़ोसी से कह सकते हैं कि बिजली जाने के समय आपको आकर देखे?
- ☐ ऑज़ग्रिड (Ausgrid) का आपातकालीन नम्बर **13 13 88** अपने पास ही रखें और बिजली जाने के बारे में नई सूचनाएँ पाने के लिए **www.ausgrid.com.au/poweroutages** पर देखें।
- ☐ क्या आपने बिजली जाने की अवधि में आपातकालीन प्रबंधों के बारे में अपने डॉक्टर/देखभाल कर्ता से बात-चीत की है?

## यदि आपको यात्रा करने की आवश्यकता होती है तब क्या करना है

- ☐ यदि आवश्यकता होती है तो क्या आपको जानकारी है कि आपके मेडिकल उपकरण को कैसे ले जाना है?
- ☐ क्या आपके पास आपातकालीन स्थिति में संपर्क करने के लिए विवरण है जो आसानी से मिल जाए, जैसे कि डॉक्टर, अस्पताल, पड़ोसी या स्थानीय टैक्सी सेवा?
- ☐ क्या आपके अस्पताल में ऐसे बैकअप जेनरेटर हैं जो आपके जीवन सहायता उपकरण को बिजली देते रहें?

# जीवन सहायता में कार्य करने की योजना

*अपने रिकॉर्ड के लिए कृपया अपने पास रखें*

| ऑज़ग्रिड (Ausgrid) की संपर्क जानकारी | |
|---|---|
| बिजली प्रदान करने में रुकावट होनी | 13 13 88 |
| ऑज़ग्रिड (Ausgrid) से आम प्रश्न पूछना | 13 13 65 |
| फ़ोन दुभाषिया सेवा | 13 14 50 |

**आपका डॉक्टर या इलाज करने वाला व्यक्ति**

नाम

नम्बर

**आपके घर से सबसे पास अस्पताल**

नाम

नम्बर

**आपका पड़ोसी या रिश्तेदार जो सहायता देता है**

नाम

नम्बर

**स्थानीय टैक्सी या यातायात**

नाम

नम्बर

**राष्ट्रीय मीटर पहचान करने वाला (NMI)**

राष्ट्रीय मीटर पहचान (NMI) नम्बर

आपका राष्ट्रीय मीटर पहचान करने वाला (NMI) एक विशेष नम्बर होता है जो आपका घर पहचानता है। आपका NMI नम्बर आपके बिजली के बिल पर दिया जाता है। अपना NMI नम्बर हमें देने से आपके घर को जल्द ही पहचान लिया जाता है।

## किसी भी बदलाव के समय हमें बताएँ

हमारे लिए आपकी सुरक्षा व हित हमेशा ही सर्व प्रथम है।

यह महत्वपूर्ण है कि आपकी स्थिति में होने वाले किसी भी बदलाव के बारे में हमें बताते रहें। इसमें आपका फ़ोन व डाक के पते में बदलाव भी शामिल हैं।

अपने नवीनतम संपर्क की जानकारी अपने बिजली के विक्रेता को फ़ोन करके बताएँ। अपने जीवन सहायता की स्थिति में कोई भी बदलाव होने पर हमसे **13 13 65** पर संपर्क करें।

## क्या आपको सुनने में कठिनाई होती है?

TTY (teletypewriter) सेवा के लिए **13 36 77** पर फ़ोन करें और फिर **13 13 65** माँगें।

बोलने व सुनने की सेवाओं के लिए **1300 555 727** पर फ़ोन करें और फिर **13 13 65** माँगें।

बिजली जाने की अवधि में जानकारी पाने के लिए Twitter हमें पसन्द करें या Facebook पर हमारे बारे में देखें या **www.ausgrid.com.au** पर जाएँ।

Ausgrid Connecting communities, empowering lives